रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-एम.एच.-अ.-05122025-268275
CG-MH-E-05122025-268275

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 784] नई दिल्ली, बुधवार, दिसम्बर 3, 2025/अग्रहायण 12, 1947
No. 784] NEW DELHI, WEDNESDAY, DECEMBER 3, 2025/AGRAHAYANA 12, 1947

## भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड

## अधिसूचना

मुंबई, 3 दिसम्बर, 2025

## भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) (संशोधन) विनियम, 2025

**फा. सं. सेबी/एलएडी-एनआरओ/जीएन/2025/282.—** बोर्ड, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 (1992 का 15) की धारा 11 की उप-धारा (2) के खंड (ख) के साथ पठित धारा 30 द्वारा प्रदान की गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) विनियम, 1992 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात्,-

1. इन विनियमों को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) (संशोधन) विनियम, 2025 कहा जा सकेगा।
2. ये विनियम राजपत्र में इनके प्रकाशित होने की तारीख से तीसवें दिन लागू होंगे ।

3. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) विनियम, 1992 में,-

I. विनियम 2 में, उन-विनियम (1) में, मौजूदा खंड (घ) के स्थान पर निम्नलिखित खंड आ जाएगा, अर्थात्,-

"(घ) "मुख्य अधिकारी" (प्रिंसिपल ऑफिसर) का अर्थ है - मर्चेंट बैंकर (बैंककार) का वह कर्मचारी, जिसके पास वित्तीय बाजारों (फाइनेंशियल मार्केट) में कार्य करने का कम से कम पाँच वर्षों का अनुभव हो, और जिसे मर्चेंट बैंकर द्वारा यह ओहदा दिया गया हो, और जिस पर मर्चेंट बैंकिंग से जुड़े कामकाज के प्रबंधन या संचालन के संबंध में तथा मर्चेंट बैंकर के दूसरे समस्त कामकाज के संबंध में मर्चेंट बैंकर के स्तर पर लिए जाने वाले निर्णयों की जिम्मेदारी हो:

परंतु यह कि जिस मर्चेंट बैंकर को इन विनियमों के तहत रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र पहले से ही मिला हुआ हो, वह इस खंड में किए गए प्रावधान का पालन उतने समय में और उसी प्रकार सुनिश्चित करेगा, जैसा बोर्ड द्वारा बताया जाए;"

II. मौजूदा विनियम 3 के स्थान पर निम्नलिखित विनियम आ जाएगा, अर्थात्,-

"**रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किए जाने हेतु आवेदन**

**3.** (1) कोई भी व्यक्ति तब तक न तो मर्चेंट बैंकर की हैसियत से कार्य करेगा और न ही खुद को मर्चेंट बैंकर बताएगा, जब तक कि उसे इन विनियमों के तहत बोर्ड से रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र न मिल जाए ।

(2) किसी व्यक्ति द्वारा रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किए जाने हेतु आवेदन बोर्ड के पास *प्ररूप-क* में प्रस्तुत किया जाएगा ।

(3) उप-विनियम (2) के तहत रजिस्ट्रीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत करते समय अनुसूची-II में बताई गई आवेदन फीस (जो लौटाई नहीं जाएगी) अदा करनी होगी।

(4) उप-विनियम (2) के तहत आवेदन मर्चेंट बैंकर की निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक श्रेणी के लिए किया जाएगा, अर्थात्:-

(क) श्रेणी-I (प्रवर्ग-I), जो समस्त अनुमत कार्य आदि कर सकता है;

(ख) श्रेणी-II (प्रवर्ग-II), जो समस्त अनुमत कार्य आदि तो कर सकता है, किंतु जिन इक्विटी शेयरों को मान्यताप्राप्त स्टॉक एक्सचेंज के मुख्य बोर्ड (मेन बोर्ड) पर सूचीबद्ध (लिस्ट) कराए जाने का प्रस्ताव हो उनके पब्लिक इश्यू (सार्वजनिक प्रस्ताव) से संबंधित कार्य आदि नहीं कर सकता:

परंतु यह कि जिस मर्चेंट बैंकर को इन विनियमों के तहत रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र पहले से ही मिला हुआ हो, वह श्रेणी-I (प्रवर्ग-I) के तौर पर या श्रेणी-II (प्रवर्ग-II) के तौर पर खुद अपनी श्रेणी फिर से उतनी समयावधि के भीतर और उसी प्रकार बदल सकेगा, जैसा बोर्ड द्वारा बताया जाए ।"

III. विनियम 6 में,

i. शब्दों "मर्चेंट बैंककार" के स्थान पर, शब्द "मर्चेंट बैंकर" आ जाएँगे;

ii. मौजूदा खंड (क) के स्थान पर निम्नलिखित खंड आ जाएगा (किंतु उसके परंतुक में कोई बदलाव नहीं होगा), अर्थात्,-

"(क) आवेदक एक कंपनी (निगमित निकाय / बॉडी कारपोरेट) [जिसमें कंपनी अधिनियम, 2013 या कंपनियों के विषय में बनाए गए पहले के किसी कानून के तहत बनी कंपनी अथवा कोई सीमित दायित्व भागीदारी (लिमिटेड लाइबिलिटी पार्टनरशिप) फर्म शामिल है] होगा, किंतु वह -

(i) भारत के बाहर बनी कंपनी न हो, हालाँकि वह विदेशी बैंक हो सकता है जिसे भारतीय रिज़र्व बैंक से लाइसेंस मिला हुआ हो,

(ii) कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) में दी हुई परिभाषा के अनुसार कोई एक व्यक्ति कंपनी (वन पर्सन कंपनी) न हो, और

(iii) भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 45-झ के खंड (च) [समय-समय पर यथा संशोधित] में दी हुई परिभाषा के अनुसार कोई गैर-बैंककारी वित्तीय कंपनी (नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी / एन.बी.एफ.सी.) न हो:"

iii. मौजूदा खंड (ख) के बाद, निम्नलिखित खंड जोड़ा जाएगा, अर्थात्,-

"(खक) जिन कर्मचारियों का जिक्र खंड (ख) में किया गया है उन कर्मचारियों के पास और अनुपालन अधिकारी (कंप्लायन्स ऑफिसर) के पास वह प्रमाणपत्र हो (वे प्रमाणपत्र हों), जो बोर्ड बताए;"

iv. मौजूदा खंड (ग) हट जाएगा;

v. मौजूदा खंड (घ) के स्थान पर निम्नलिखित खंड आ जाएगा, अर्थात्,-

"(घ) आवेदक के लिए जितना-जितना पैसा रखने का प्रावधान किया गया हो वह उतना-उतना पैसा रखता हो [पूँजी पर्याप्तता (कैपिटल एडिक्वेसी) के संबंध में जो भी प्रावधान निर्धारित किए गए हों, आवेदक वे अपेक्षाएँ पूरी करता हो], और साथ ही वह उतनी लिक्विड नेटवर्थ भी बनाए रखता हो, जैसा विनियम 7 और विनियम 7क में जिक्र किया गया है;"

vi. मौजूदा खंड (ज) में, चिह्न "।" के स्थान पर चिह्न ";" आ जाएगा;

vii. मौजूदा खंड (ज) के बाद निम्नलिखित खंड जोड़ा जाएगा, अर्थात्,-

"(झ) यदि आवेदक का इन विनियमों के तहत बोर्ड से पहले से ही रजिस्टर किसी व्यक्ति से प्रत्यक्ष रूप से या अप्रत्यक्ष रूप से कोई संबंध हो, तो ऐसे में बोर्ड द्वारा निर्धारित की गई शर्तें पूरी करनी होंगी।

स्पष्टीकरण: इस खंड के प्रयोजनार्थ,-

i. किसी व्यक्ति के संदर्भ में "प्रत्यक्ष रूप से या अप्रत्यक्ष रूप से संबंध" तब माना जाएगा, जब वह व्यक्ति आवेदक [यदि आवेदक एक कंपनी (बॉडी कारपोरेट) हो] की सहयोगी (असोसिएट) कंपनी हो या उसकी सहायक (समनुषंगी / सब्सिडियरी) कंपनी हो या उसके साथ आपस में जुड़ी हुई कोई कंपनी (इंटर-कनेक्टेड कंपनी) हो या उसकी समूह कंपनी (ग्रुप कंपनी) हो;

ii. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) (संशोधन) विनियम, 2025 के लागू होने से पहले किसी दूसरे मर्चेंट बैंकर से, प्रत्यक्ष रूप से या अप्रत्यक्ष रूप से, जुड़े किसी मर्चेंट बैंकर को यदि कोई रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र प्रदान गया हो, तो वह आगे भी मान्य रहेगा।"

IV. मौजूदा विनियम 7 के स्थान पर निम्नलिखित विनियम आ जाएगा, अर्थात्,-

**"पूँजी पर्याप्तता (कैपिटल एडिक्वेसी) से संबंधित प्रावधान**

**7.** (1) पैसा रखने से संबंधित प्रावधान [पूँजी पर्याप्तता (कैपिटल एडिक्वेसी) से संबंधित प्रावधान] [जिसका जिक्र विनियम 6 के खंड (घ) में किया गया है] के अनुरूप निम्नानुसार नेटवर्थ (शुद्ध-मालियत) बनाए रखनी होगी –

(i) श्रेणी-I (प्रवर्ग-I) के मर्चेंट बैंकर के लिए कम से कम पचास करोड़ रुपये, और

(ii) श्रेणी-II (प्रवर्ग-II) के मर्चेंट बैंकर के लिए कम से कम दस करोड़ रुपये:

परंतु यह कि जिस मर्चेंट बैंकर को इन विनियमों के तहत रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र पहले से ही मिला हुआ हो, वह पैसा रखने से संबंधित प्रावधान [पूंजी पर्याप्तता (कैपिटल एडिक्वेसी) से संबंधित प्रावधान] का पालन उतने समय में और उसी प्रकार सुनिश्चित करेगा, जैसा बोर्ड द्वारा बताया जाए ।

(2) उप-विनियम (1) में कम से कम जितनी भी नेटवर्थ बनाए रखने को कहा गया है, यदि कोई मर्चेंट बैंकर उतनी नेटवर्थ बनाए रखने में असफल रहता हो, तो ऐसे में वह तब तक किसी नए अनुमत कार्य आदि का जिम्मा अपने हाथों में नहीं लेगा जब तक कि वह उस प्रावधान का पालन न कर ले, हालाँकि इसके बावजूद उसके खिलाफ बोर्ड द्वारा कोई दूसरी कार्रवाई भी की जा सकेगी ।

**स्पष्टीकरण:** इस विनियम के प्रयोजनार्थ,–

(क) किसी कंपनी (निगमित निकाय / बॉडी कारपोरेट) के मामले में, “नेटवर्थ” का वही अर्थ होगा जो कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) की धारा 2 की उप-धारा (57) में इसके लिए दिया हुआ है; और

(ख) लिमिटेड लाइबिलिटी पार्टनरशिप (एल.एल.पी. / सीमित दायित्व भागीदारी) के मामले में, “नेटवर्थ” का अर्थ होगा – भागीदारों (पार्टनर्स) द्वारा किए गए कुल अंशदान (कंट्रीब्यूशन) [जो तय हो] की रकम और रिज़र्वस् (आरक्षितियों) की रकम तथा सरप्लस (अधिशेष) की रकम का योग ।”

V. मौजूदा विनियम 7 के बाद, निम्नलिखित नया विनियम जोड़ा जाएगा, अर्थात्,-

“**लिक्विड नेटवर्थ रखने से संबंधित प्रावधान**

**7क.** (1) लिक्विड नेटवर्थ रखने से संबंधित प्रावधान [जिसका जिक्र विनियम 6 के खंड (घ) में किया गया है] के अनुसार निम्नानुसार लिक्विड नेटवर्थ बनाए रखनी होगी –

(i) श्रेणी-I (प्रवर्ग-I) के मर्चेंट बैंकर के लिए कम से कम बारह करोड़ पचास लाख रुपये, और

(ii) श्रेणी-II (प्रवर्ग-II) के मर्चेंट बैंकर के लिए कम से कम दो करोड़ पचास लाख रुपये:

परंतु यह कि जिस मर्चेंट बैंकर को इन विनियमों के तहत रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र पहले से ही मिला हुआ हो, वह मर्चेंट बैंकर लिक्विड नेटवर्थ बनाए रखने से संबंधित प्रावधान का पालन उतने समय में और उसी प्रकार सुनिश्चित करेगा, जैसा बोर्ड द्वारा बताया जाए ।

(2) उप-विनियम (1) में कम से कम जितनी लिक्विड नेटवर्थ बनाए रखने को कहा गया है, यदि कोई मर्चेंट बैंकर उतनी लिक्विड नेटवर्थ बनाए रखने में असफल रहता हो, तो ऐसे में वह तब तक किसी नए अनुमत कार्य का जिम्मा अपने हाथों में नहीं लेगा जब तक कि वह उस प्रावधान का पालन न कर ले, हालाँकि इसके बावजूद उसके खिलाफ बोर्ड द्वारा कोई दूसरी कार्रवाई भी की जा सकेगी ।

**स्पष्टीकरण:** इस विनियम के प्रयोजनार्थ, “लिक्विड नेटवर्थ” का अर्थ होगा – नेटवर्थ का वह हिस्सा जो बोर्ड द्वारा यथा निर्धारित उन लिक्विड असेट्स में लगा हो जिनसे पैसा आसानी से निकाला जा सकता हो और जिन पर कोई ऋण-भार भी न हो, और शब्दों “लिक्विड असेट्स” का अर्थ होगा - कम जोखिम वाले वे असेट्स जिनसे कम समय में पैसा आसानी से निकाला जा सकता हो, जैसे कि नकद रूप में पड़ा पैसा, मीयादी जमाएँ (फिक्स्ड डिपॉजिट), सरकारी प्रतिभूतियाँ (सिक्यूरिटीज़), मुद्रा बाजार लिखतें (मनी मार्केट इंस्ट्रूमेंट्स), खजाना बिल (ट्रेज़री बिल), सरकारी प्रतिभूतियों से संबंधित रेपो और बाजार में स्वीकार की जाने वाली प्रतिभूतियाँ (मार्केटेबल सिक्यूरिटीज़) [लागू हेयरकट सहित] ।”

VI. विनियम 9क में, उप-विनियम (1) में,

i. मौजूदा खंड (घ) के स्थान पर निम्नलिखित खंड आ जाएगा, अर्थात्,-

"(घ) यह हर समय उतना पैसा रखेगा [पूंजी पर्याप्तता (कैपिटल एडिक्वेसी) से संबंधित अपेक्षा पूरी करेगा], जैसा विनियम 7 में जिक्र किया गया है;"

ii. खंड (घ) के बाद, निम्नलिखित खंड जोड़ा जाएगा, अर्थात्,-

"(घक) यह हर समय उतनी लिक्विड नेटवर्थ बनाए रखेगा, जैसा विनियम 7क में जिक्र किया गया है;"

iii. खंड (च) और खंड (छ) में दिए हुए चिह्न "।" के स्थान पर चिह्न ";" आ जाएगा;

iv. मौजूदा खंड (छ) के बाद निम्नलिखित खंड जोड़े जाएँगे, अर्थात्,-

"(ज) यह केवल वही कार्य आदि करेगा, जो बोर्ड इन विनियमों के तहत समय-समय पर करने को कहे;

(झ) यह मर्चेंट बैंकिंग से संबंधित अपने मुख्य कार्य आदि किसी बाहरी व्यक्ति या एजेंसी से नहीं करवाएगा (आउटसोर्स नहीं करेगा), जैसे कि,-

(i) पूरी सावधानी बरते जाने (ड्यू डिलिजेंस) से संबंधित कार्य आदि;

(ii) प्रस्ताव (ऑफर) से संबंधित दस्तावेज तैयार किए जाने से संबंधित कार्य आदि; और

(iii) ऐसा कोई दूसरा कार्य आदि, जो बोर्ड समय-समय पर बताए:

परंतु यह कि जिस मर्चेंट बैंकर को इन विनियमों के तहत रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र पहले से ही मिला हुआ हो, वह इस खंड का पालन उतने समय में और उसी प्रकार सुनिश्चित करेगा, जैसा बोर्ड द्वारा बताया जाए ।

(ञ) यह अनुमत कार्यों आदि से कम से कम उतनी आमदनी करेगा, जैसा बोर्ड द्वारा बताया जाए:

परंतु यह कि इन विनियमों के तहत मर्चेंट बैंकर को प्रदान किया गया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र तब रद्द नहीं किया जा सकेगा, जब वह बोर्ड द्वारा समय-समय पर बताई जाने वाली किसी परिस्थिति की वजह से अपेक्षानुसार न्यूनतम आमदनी न कर पाए;

(ट) जिन कर्मचारियों का जिक्र विनियम 6 के खंड (ख) में किया गया है उन कर्मचारियों के पास और अनुपालन अधिकारी (कंप्लायन्स ऑफिसर) के पास वह प्रमाणपत्र हो (वे प्रमाणपत्र हों), जो बोर्ड बताए:

परंतु यह कि जिस मर्चेंट बैंकर को इन विनियमों के तहत रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र पहले से ही मिला हुआ हो, उसके मामले में जिन कर्मचारियों का जिक्र विनियम 6 के खंड (ख) में किया गया है वे कर्मचारी और अनुपालन अधिकारी (कंप्लायन्स ऑफिसर) ऐसा प्रमाणपत्र (ऐसे प्रमाणपत्र) उतनी समयावधि के भीतर हासिल करेंगे, जो बोर्ड बताए ।"

VII. हटाए जा चुके विनियम 9ख के बाद, निम्नलिखित नया विनियम जोड़ा जाएगा, अर्थात्,-

**"अपेक्षानुसार कम से कम कितनी आमदनी करनी जरूरी है**

**9ग.** मर्चेंट बैंकर यह सुनिश्चित करेगा कि जिन कार्यों का जिक्र इन विनियमों के विनियम 13क के उप-विनियम (1) में किया गया है, उन कार्यों से वह कम से कम उतनी आमदनी करे जैसा बोर्ड बताए:

परंतु यह कि यह विनियम उस मर्चेंट बैंकर के मामले में लागू नहीं होगा, जो केवल निम्नलिखित सिक्यूरिटीज़ के इश्यू (निर्गम) के प्रबंधन का कामकाज देखता हो,-

(i) वे नॉन-कन्वर्टिबल सिक्यूरिटीज़ (सूचीबद्ध असंपरिवर्तनीय प्रतिभूतियाँ), सिक्योरिटाइज्ड़ डैट इन्स्ट्रूमेंट्स (प्रतिभूत ऋण लिखतें), सिक्यूरिटी रिसीट्स (प्रतिभूति रसीदें), म्युनिसिपल डैट सिक्यूरिटीज़ (म्युनिसिपल ऋण प्रतिभूतियाँ), कमर्शियल पेपर (वाणिज्यिक पत्र), जो सूचीबद्ध (लिस्टिड) हों या जिन्हें सूचीबद्ध (लिस्ट) कराए जाने का प्रस्ताव हो; या

(ii) रीट (रियल इस्टेट निवेश न्यास) या इनविट (अवसंरचना निवेश न्यास) की वे यूनिटें, जो सूचीबद्ध (लिस्टिड) हों या जिन्हें सूचीबद्ध (लिस्ट) कराए जाने का प्रस्ताव हो ।"

VIII. विनियम 12 में, मौजूदा उप-विनियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित उप-विनियम आ जाएगा, अर्थात्,-

"(2) यदि मर्चेंट बैंकर उप-विनियम (1) में बताई गई फीस अदा न करे, तो ऐसे में वह तब तक कोई नया कार्य नहीं करेगा, जब तक कि वह फीस की रकम अदा न कर दे, और ऐसे में फीस की रकम अदा करने में जितने महीनों की देरी हुई हो उस हर महीने के लिए या यदि महीना पूरा न हुआ हो तो जितने दिनों की देरी हुई उतने दिनों के लिए, मर्चेंट बैंकर 15% प्रति वर्ष की दर से ब्याज की रकम भी अदा करेगा, हालाँकि इसके बावजूद उसके खिलाफ बोर्ड द्वारा कोई दूसरी कार्रवाई भी की जा सकेगी ।"

IX. मौजूदा विनियम 13क के स्थान पर निम्नलिखित विनियम आ जाएगा, अर्थात्,-

**"अनुमत कार्य आदि**

**13क.** (1) जिस मर्चेंट बैंकर को इन विनियमों के तहत रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र मिला हुआ हो, वह प्रतिभूति बाजार (सिक्यूरिटीज़ मार्केट) से जुड़े निम्नलिखित कार्यों आदि [जो बोर्ड के विनियामक (रेग्यूलेटरी) दायरे में आते हों] में से कोई भी कार्य कर सकेगा, अर्थात्,-

i. प्रतिभूतियों (सिक्यूरिटीज़) के पब्लिक इश्यू (सार्वजनिक निर्गमों), क्वालिफाइड इंस्टिट्यूशन्स प्लेसमेंट और राइट्स इश्यू (साधिकार निर्गम) के प्रबंधन के कामकाज से जुड़े कार्य आदि; और इनके संबंध में सलाहकार सेवाएँ या परामर्शी सेवाएँ देने से जुड़े कार्य आदि;

ii. निम्नलिखित से जुड़े कार्य आदि:

क. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयरों का पर्याप्त अर्जन और अधिग्रहण) विनियम, 2011 [सेबी (सब्सटैंशियल एक्विज़ीशन ऑफ शेयर्स एंड टेकओवर्स) रेग्यूलेशन्स, 2011] के तहत अर्जन (एक्विज़िशन) तथा अधिग्रहण (टेकओवर) से जुड़े कार्य आदि;

ख. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (प्रतिभूतियों को क्रय द्वारा वापस लेना) विनियम, 2018 [सेबी (बाय-बैक ऑफ सिक्यूरिटीज़) रेग्यूलेशन्स, 2018] के तहत बाय-बैक से जुड़े कार्य आदि;

ग. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (इक्विटी शेयरों की असूचीबद्धता) विनियम, 2021 [सेबी (डीलिस्टिंग ऑफ इक्विटी शेयर्स) रेग्यूलेशन्स, 2021] के तहत असूचीबद्धता (डीलिस्टिंग) से जुड़े कार्य आदि;

घ. किसी स्कीम ऑफ अरेंजमेंट (इंतजाम की स्कीम) के संबंध में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड [सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ] विनियम, 2015 [सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशन्स एंड डिस्क्लोज़र रिक्वायरमेंट्स) रेग्यूलेशन्स, 2015] के प्रावधानों के पालन से जुड़े कार्य आदि;

ङ. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयर आधारित कर्मचारी फायदे और स्वेट इक्विटी) विनियम, 2021 [सेबी (शेयर बेस्ड एम्पलॉई बेनिफिट्स) रेग्यूलेशन्स, 2021] के तहत स्कीम के कार्यान्वयन से जुड़े कार्य आदि; और

च. खंड (क) से खंड (ङ) में जिन कार्यों आदि का जिक्र किया गया है, उनके संबंध में सलाहकार या परामर्शी सेवाएँ देने से जुड़े कार्य आदि;

iii. हामीदारी (अंडरराइटिंग) से जुड़े वे कार्य आदि, जो बोर्ड समय-समय पर बताए;

iv. बोर्ड से मान्यताप्राप्त स्टॉक एक्सचेंज में जो प्रतिभूतियाँ (सिक्यूरिटीज़) सूचीबद्ध (लिस्टिड) हों या जिन्हें सूचीबद्ध (लिस्ट) करवाए जाने का प्रस्ताव हो, उनके प्राइवेट प्लेसमेंट से जुड़े कार्य आदि ।

**स्पष्टीकरण:** इस खंड के प्रयोजनार्थ, 'प्रतिभूतियों' (सिक्यूरिटीज) के बारे में उस तारीख से यह माना जाएगा कि 'उन्हें सूचीबद्ध (लिस्ट) करवाने का प्रस्ताव' है, जिस तारीख को इश्युअर (निर्गमकर्ता) का बोर्ड संकल्प (रेज़ोल्यूशन) पारित करके जारी की जाने वाली उन प्रतिभूतियों को बोर्ड से मान्यताप्राप्त स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध (लिस्ट) करवाने के संबंध में मंजूरी प्रदान कर दे;

v. यदि दूसरे देशों के निवेशकों को प्रतिभूतियाँ (सिक्यूरिटीज़) जारी किए जाने का प्रस्ताव हो तो उनके प्रबंधन से जुड़े कार्य आदि; और साथ ही उस प्रस्ताव से जुड़ी सलाहकार सेवाएँ और परामर्शी सेवाएँ प्रदान करने से जुड़े कार्य आदि;

vi. किसी ए.आई.एफ. (आनुकल्पिक निवेश निधि / ऑल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड) का प्लेसमेंट मेमोरैंडम दाखिल किए जाने से जुड़े कार्य आदि;

vii. निष्पक्ष राय देने से जुड़े कार्य आदि;

viii. बोर्ड से मान्यताप्राप्त स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध (लिस्टिड) प्रतिभूतियों (सिक्यूरिटीज़) को खरीदने-बेचने (सेकेंडरी मार्केट ट्रांज़ेक्शन) के प्रबंधन से जुड़े कार्य आदि;

ix. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड [पूँजी का निर्गमन (इश्यू) और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ] विनियम, 2018 के अनुसार मार्केट मेकिंग से जुड़े कार्य आदि; और

x. ऐसा कोई अन्य कार्य आदि, जो बोर्ड समय-समय पर बताए ।

(2) मर्चेंट बैंकर-

i. बोर्ड के विनियामक (रेग्यूलेटरी) दायरे में दिए हुए दूसरे कार्य आदि भी, बोर्ड के संबंधित विनियमों (रेग्यूलेशन्स) के अनुसार संबंधित रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र प्राप्त करके, कर सकेगा; और/या

ii. वित्तीय क्षेत्र के किसी दूसरे विनियामक (रेग्यूलेटर) या किसी अन्य प्राधिकरण [जो बोर्ड बताए] के दायरे में दिए हुए कार्य आदि भी, वित्तीय क्षेत्र के उस विनियामक या प्राधिकरण द्वारा जारी किए गए विनियमों (रेग्यूलेशन्स) या दिशानिर्देशों (गाइडलाइंस) [यदि कोई हों] के अनुसार, कर सकेगा; और/या

iii. बोर्ड या वित्तीय क्षेत्र के किसी दूसरे विनियामक (रेग्यूलेटर) के दायरे में न दिए हुए कार्य आदि भी कर सकेगा, जिनके लिए फीस ली जाए, जिनके लिए फंड का कोई लेनदेन न हो और जो वित्तीय सेवा क्षेत्र से जुड़े हों,

किंतु ये कार्य आदि मर्चेंट बैंकर द्वारा अलग बिजनेस यूनिट बनाकर किए जाएँगे और साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि कार्यों का आपस में किसी भी तरह का कोई संबंध न रहे, और ऐसा उस तरह से किया जाएगा तथा उन शर्तों के तहत किया जाएगा जैसा बोर्ड द्वारा बताया जाए:

परंतु यह कि जो व्यक्ति भारतीय रिज़र्व बैंक के विनियामक (रेग्यूलेटरी) दायरे में आता हो और जिसे इन विनियमों के तहत पहले ही रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र मिला हुआ हो, वह उप-विनियम (1) में उल्लिखित अपने कार्य आदि अलग बिजनेस यूनिट बनाकर करेगा:

परंतु यह और कि जिस मर्चेंट बैंकर को इन विनियमों के तहत पहले ही रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र मिला हुआ हो, वह इस उप-विनियम में उल्लिखित अपने कार्य आदि अलग बिजनेस यूनिट (यूनिटें) बनाकर उस बिजनेस यूनिट (उन बिजनेस यूनिटों) में ट्रांसफर करेगा, और ऐसा उसे भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) (संशोधन) विनियम, 2025 के लागू होने की तारीख से छह महीनों की अवधि के भीतर या बोर्ड द्वारा बताई गई समयावधि के भीतर करना होगा ।

**स्पष्टीकरण:** इस उप-विनियम के प्रयोजनार्थ, "वित्तीय क्षेत्र के विनियामक (रेग्यूलेटर)" का अर्थ है - वह प्राधिकरण या बॉडी (निकाय), जिसे वित्तीय क्षेत्र में प्रदान की जाने वाली सेवाओं या किए जाने वाले लेनदेन को विनियमित (रेग्यूलेट) करने के लिए, उस समय लागू किन्हीं कानूनी प्रावधानों के अनुसार, बनाया गया हो, और जिनमें शामिल हैं - भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण, पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड, या ऐसा दूसरा प्राधिकरण जो बोर्ड द्वारा समय-समय पर बताया जाए ।

(3) मर्चेंट बैंकर यह सुनिश्चित करेगा कि उप-विनियम (2) में जिन कार्यों आदि का जिक्र किया गया है, उन पर किसी भी तरह के पड़ने वाले असर का प्रभाव इन विनियमों में मर्चेंट बैंकर हेतु निर्धारित शुद्ध-मालियत (नेटवर्थ) पर न पड़े ।

(4) जिस मर्चेंट बैंकर के पास मूल्यांकन से जुड़े कार्य आदि करने के लिए संबंधित विनियामक प्राधिकरण (रेग्यूलेटरी अथॉरिटी) का रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र न हो, वह मूल्यांकन का जो कार्य अपने हाथों में ले चुका हो और जो पूरा न हुआ हो, उसे वह कार्य भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) (संशोधन) विनियम, 2025 के लागू होने की तारीख से नौ महीनों की अवधि के भीतर पूरा करना होगा।"

X. मौजूदा विनियम 16 के स्थान पर निम्नलिखित विनियम आ जाएगा, अर्थात्,-

**"बही-खाते (लेखा-बहियाँ), रिकॉर्ड और दूसरे दस्तावेज संभालकर रखना**

**16.** (1) मर्चेंट बैंकर वे बही-खाते (लेखा-बहियाँ) और दूसरे रिकॉर्ड तथा दस्तावेज कम से कम आठ वित्तीय वर्षों की अवधि तक संभालकर रखेगा, जिनका जिक्र विनियम 14 में किया गया है ।

(2) मर्चेंट बैंकर समस्त डाटा और जानकारी, भारत की सीमाओं के भीतर, डाटा के स्टोरेज और डाटा लोकलाइज़ेशन (डाटा कहाँ रखा जाना चाहिए) के संबंध में बोर्ड द्वारा समय-समय पर निर्धारित किए जाने वाले मानदंडों के अनुसार, संभालकर रखेगा ।"

XI. विनियम 21क में, स्पष्टीकरण में, खंड (i) में, शब्दों तथा चिह्नों "उनमें से कोई, प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः इसकी सहयोगी या नियंत्री (होल्डिंग) कंपनी के माध्यम से, अन्य में कम से कम पंद्रह प्रतिशत मताधिकारों का नियंत्रण रखता है" के स्थान पर शब्द तथा चिह्न "उनमें से कोई, या तो प्रत्यक्ष रूप से या फिर अप्रत्यक्ष रूप से [अपनी सहायक कंपनी (समनुषंगी / सब्सिडियरी) या नियंत्री (होल्डिंग) कंपनी के माध्यम से] दूसरे में कम से कम दस प्रतिशत मताधिकारों का नियंत्रण रखता हो" आ जाएँगे ।

XII. मौजूदा विनियम 21क के बाद, निम्नलिखित नए विनियम जोड़े जाएँगे, अर्थात्,-

**"मर्चेंट बैंकर स्वयं द्वारा लाए जाने वाले इश्यू (निर्गम) के संबंध में मर्चेंट बैंकर की भूमिका नहीं निभाएगा**

**21ख.** मर्चेंट बैंकर स्वयं द्वारा लाए जाने वाले इश्यू के संबंध में लीड मैनेजर (अग्रणी प्रबंधक) की भूमिका नहीं निभाएगा या स्वयं द्वारा लाए जाने वाले इश्यू के संबंध में किए जाने वाले ऐसे किसी दूसरे कार्य आदि से नहीं जुड़ेगा, जो बोर्ड द्वारा बनाए गए किन्हीं विनियमों (रेग्यूलेशन्स) के दायरे में आता हो ।

**मर्चेंट बैंकर उस इश्यू के संबंध में मर्चेंट बैंकर की भूमिका नहीं निभाएगा, जहाँ शेयर उसके प्रबंध मंडल के मुख्य व्यक्तियों (की-मैनेजेरियल पर्सोनल) या उनके नातेदारों के पास हों**

**21ग.** मर्चेंट बैंकर किसी पब्लिक इश्यू (सार्वजनिक निर्गम) के संबंध में तब लीड मैनेजर (अग्रणी प्रबंधक) की भूमिका नहीं निभाएगा, जब उसके निदेशकों, प्रबंध मंडल के दूसरे मुख्य व्यक्तियों (की मैनेजेरियल पर्सोनल), अनुपालन अधिकारी (कंप्लायन्स ऑफिसर), कर्मचारियों [जिनका जिक्र विनियम 6 के खंड (ख) में किया गया है], या उपरोक्त व्यक्तियों के नातेदार (नातेदारों) की हिस्सेदारी, अलग-अलग या सबकी मिलाकर, इश्युअर की पेड-अप शेयर कैपिटल (समादत्त शेयर पूँजी) की 0.1% से ज्यादा हो या इश्युअर के जितने शेयर हों उनका अंकित मूल्य (नॉमिनल वैल्यू) 10,00,000 रुपये से ज्यादा हो (दोनों में से जो भी कम हो):

परंतु यह कि म्यूचुअल फंडों और कर्मचारी स्टॉक ऑप्शन स्कीमों के जरिए इश्युअर में यदि कोई हिस्सेदारी बन रही हो, तो उसे हिसाब में नहीं लिया जाएगा:

परंतु यह और कि जिस मर्चेंट बैंकर के निदेशकों, प्रबंध मंडल के दूसरे मुख्य व्यक्तियों (की मैनेजेरियल पर्सोनल), अनुपालन अधिकारी (कंप्लायन्स ऑफिसर), कर्मचारियों [जिनका जिक्र विनियम 6 के खंड (ख) में किया गया है], या उपरोक्त व्यक्तियों के नातेदार (नातेदारों) की हिस्सेदारी, अलग-अलग या सबकी मिलाकर, इश्युअर की पेड-अप शेयर कैपिटल (समादत्त शेयर पूँजी) की 0.1% से ज्यादा हो या इश्युअर के जितने शेयर हों उनका अंकित मूल्य (नॉमिनल वैल्यू) 10,00,000 रुपये से ज्यादा हो (दोनों में से जो भी कम हो), उसे तभी नियुक्त किया जा सकेगा जब वह केवल इश्यू की मार्केटिंग करने का ही कार्य कर रहा हो, किंतु इसके लिए भी उसे वह समस्त जानकारी देनी होगी (डिस्क्लोज़र करने होंगे) जो भी बोर्ड देने (करने) को कहे ।

**स्पष्टीकरण:** इस खंड के प्रयोजनार्थ, किसी व्यक्ति के 'नातेदार' में शामिल होंगे –

(i) व्यक्ति की पत्नी या उसका पति; या

(ii) व्यक्ति के माता-पिता और उसकी पत्नी या उसके पति के माता-पिता; या

(iii) व्यक्ति के भाई-बहन और उसकी पत्नी या उसके पति के भाई-बहन; या

(iv) व्यक्ति की संतान और उसकी पत्नी या उसके पति की संतान; या

(v) उप-खंड (iii) में जिस व्यक्ति का जिक्र किया गया है, उसकी पत्नी या उसका पति; या

(vi) उप-खंड (iv) में जिस व्यक्ति का जिक्र किया गया है, उसकी पत्नी या उसका पति; या

(vii) संबंधित व्यक्ति का हिंदु अविभक्त कुटुंब (एचयूएफ) ।"

XIII. मौजूदा विनियम 22 के स्थान पर निम्नलिखित विनियम आ जाएगा, अर्थात्,-

**"हामीदारी (अंडरराइटिंग) संबंधी बाध्यताएँ**

22. मर्चेंट बैंकर हामीदारी (अंडरराइटिंग) से संबंधित वे कार्य आदि करेगा, जो बोर्ड समय-समय पर बताए ।"

XIV. विनियम 22ख में, मौजूदा उप-विनियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित उप-विनियम आ जाएगा, अर्थात्,-

"(2) किसी भी समय, सभी करारों (एग्रीमेंट) के तहत की जाने वाली हामीदारी (अंडरराइटिंग) की कुल रकम मर्चेंट बैंकर की लिक्विड नेटवर्थ (शुद्ध-मालियत) के बीस गुना से ज्यादा नहीं होगी:

परंतु यह कि जिस मर्चेंट बैंकर को इन विनियमों के तहत रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र पहले से ही मिला हुआ हो, वह इस उप-विनियम में किए गए प्रावधानों का पालन उतने समय में और उसी प्रकार सुनिश्चित करेगा, जैसा बोर्ड द्वारा बताया जाए ।"

XV. विनियम 26 में,

i. शीर्षक में, शब्दों "शेयरों का अर्जन प्रतिषिद्ध है" के स्थान पर, शब्द तथा चिह्न "शेयरों आदि (प्रतिभूतियों / सिक्यूरिटीज़) को खरीदने (अर्जित करने) पर रोक" आ जाएंगे;

ii. शब्दों "कोई भी मर्चेंट बैंककार या उसका कोई निदेशक भागीदार या मुख्य अधिकारी अपने लेखे या अपने सहयुक्तों या नातेदारों की मार्फत निगमित निकायों की प्रतिभूतियों में कोई संव्यवहार ग्राहकों से या अन्यथा किसी वृत्तिक कर्तव्य के अनुक्रम के दौरान अपने द्वारा अभिप्राप्त अप्रकाशित कीमत संवेदनशील जानकारी के आधार पर नहीं करेगा" के स्थान पर, शब्द, चिह्न, अक्षर तथा अंक "कोई भी मर्चेंट बैंकर या उसका कोई निदेशक, भागीदार (पार्टनर) या प्रबंधक (मैनेजर) या मुख्य अधिकारी (प्रिंसिपल ऑफिसर) या अनुपालन अधिकारी (कंप्लायन्स ऑफिसर) या कर्मचारी [जिनका जिक्र विनियम 6 के खंड (ख) में किया गया है], पेशेवर के तौर पर कार्य (फिर चाहे वह कार्य ग्राहक से मिला हो या कहीं और से मिला हो) करने के दौरान मिली अप्रकाशित कीमत संवेदनशील जानकारी (यू.पी.एस.आई.) के आधार पर कंपनी (बॉडी कारपोरेट) के शेयरों आदि (की प्रतिभूतियों / सिक्यूरिटीज़) में न तो अपने-अपने खातों से और न ही अपने सहयोगियों (असोसिएट) या नातेदारों के जरिए कोई लेनदेन करेगा ।" आ जाएँगे ।

XVI. मौजूदा विनियम 27 के स्थान पर निम्नलिखित विनियम आ जाएगा, अर्थात्,-

**"बोर्ड को प्रस्तुत की जाने वाली जानकारी**

**27.** प्रत्येक मर्चेंट बैंकर विनियम 28 के उप-विनियम (2) के अनुसार समय-समय पर प्रस्तुत की जाने वाली रिपोर्ट (आवधिक रिपोर्ट) में बोर्ड के पास निम्नलिखित जानकारी प्रस्तुत करेगा -

(i) जिस कंपनी (बॉडी कारपोरेट) के इश्यू के प्रबंधन का कामकाज वह देख रहा हो, उस कंपनी (बॉडी कारपोरेट) की प्रतिभूतियों (सिक्यूरिटीज़) को खरीदने (के अर्जन) के संबंध में किए गए किसी लेनदेन (ट्रांजैक्शन) के पूरे ब्यौरे;

(ii) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड [पूँजी का निर्गमन (इश्यू) और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ] विनियम, 2018 [सेबी (इश्यू ऑफ कैपिटल एंड डिस्क्लोज़र रिक्वायरमेंट्स) रेग्यूलेशन्स, 2018] के अनुसार हामीदारी करने (अंडरराइटिंग) या मार्केट मेकिंग से संबंधित बाध्यताएँ पूरी करने के लिए शेयरों आदि (प्रतिभूतियों / सिक्यूरिटीज़) को खरीदने (के अर्जन) के संबंध में किए गए किसी लेनदेन (ट्रांजैक्शन) के पूरे ब्यौरे;

(iii) ऐसी कोई दूसरी जानकारी, जो बोर्ड समय-समय पर देने को कहे ।"

XVII. मौजूदा विनियम 28क के स्थान पर निम्नलिखित विनियम आ जाएगा, अर्थात्,-

**"अनुपालन अधिकारी (कंप्लायंस ऑफिसर) की नियुक्ति**

**28क.** (1) मर्चेंट बैंकर के यहाँ हमेशा एक ऐसा अनुपालन अधिकारी (कंप्लायंस ऑफिसर) नियुक्त रहेगा-

(i) जो नियुक्ति के समय कंपनी सेक्रेटरी (कंपनी सचिव) हो या जिसके पास सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त किसी विश्वविद्यालय / संस्था से विधि (लॉ) में स्नातक की डिग्री हो; और

(ii) जिसके पास नियुक्ति के समय योग्यता हासिल करने के बाद कंपनी स्तर पर कानूनी प्रावधानों के किए जाने वाले पालन को सुनिश्चित किए जाने के संबंध में किए जाने वाले कार्यों का या कंपनी सचिव के तौर पर किए जाने वाले कार्यों का कम से कम दो वर्षों का अनुभव हो; और

(iii) जिसके पास बोर्ड द्वारा बताया गया (बताए गए) प्रमाणपत्र हो (हों), और जो व्यक्ति अनुपालन अधिकारी (कंप्लायंस ऑफिसर) के तौर पर पहले से ही कार्यरत हो उसे बोर्ड द्वारा बताए गए समय के भीतर ऐसा (ऐसे) प्रमाणपत्र हासिल करना होगा (करने होंगे):

परंतु यह कि जो अनुपालन अधिकारी किसी मर्चेंट बैंकर के यहाँ पहले से ही कार्यरत हो वह अनुपालन अधिकारी के तौर पर कार्य करना जारी रख सकेगा, यदि वह उप-विनियम (1) के खंड (i), (ii) और (iii) के प्रावधानों का पालन कर ले या फिर जिसके पास पेशेवर के तौर पर योग्यता होने के साथ-साथ कंपनी स्तर पर कानूनी प्रावधानों के किए जाने वाले पालन को सुनिश्चित किए जाने के संबंध में किए जाने वाले कार्यों का कम से कम पाँच वर्षों का अनुभव हो और जो बोर्ड द्वारा बताया गया (बताए गए) प्रमाणपत्र हासिल कर ले।

(2) उप-विनियम (1) के अनुसार जिस अनुपालन अधिकारी को नियुक्त किया जाए,-

(i) वह मुख्य अधिकारी (प्रिंसिपल ऑफिसर) और कर्मचारियों [जिनका जिक्र विनियम 6 के खंड (ख) में किया गया है] से अलग होगा और उसका उनसे कोई सरोकार नहीं होगा:

परंतु यह कि जिस मर्चेंट बैंकर को इन विनियमों के तहत रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र पहले से ही मिला हुआ हो, वह इस खंड में किए गए प्रावधान का पालन उतने समय में और उसी प्रकार सुनिश्चित करेगा, जैसा बोर्ड द्वारा बताया जाए;

(ii) उसकी यह जिम्मेदारी होगी कि वह-

(क) अधिनियम, नियमों एवं विनियमों (रेग्यूलेशन्स), बोर्ड या केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी की गई अधिसूचनाओं, जारी किए गए दिशानिर्देशों, अनुदेशों आदि के पालन पर नज़र रखे; और

(ख) निवेशकों की शिकायतों का निवारण करे।

(3) यदि अनुपालन अधिकारी की नज़र में प्रावधानों का पालन न किए जाने का कोई मामला सामने आता है, तो उसे उसकी जानकारी बोर्ड को तुरंत और स्वतंत्र रूप से देनी होगी, और साथ ही उसे यह भी सुनिश्चित करना होगा कि बोर्ड द्वारा, यथास्थिति, ड्राफ्ट प्रॉस्पेक्टस या लेटर ऑफ ऑफर (प्रस्ताव पत्र) के संबंध में जो भी टिप्पणियाँ दी जाएँ या जो भी कमियाँ बताई जाएँ उनका आगे से ध्यान रखा जाए।

(4) यदि अनुपालन अधिकारी (कंप्लायंस ऑफिसर) का पद खाली हो जाए, तो ऐसे में मर्चेंट बैंकर को इस तरह से पद के खाली होने की तारीख से ज्यादा से ज्यादा तीन महीनों के भीतर दूसरा अनुपालन अधिकारी नियुक्त करना होगा:

परंतु यह कि मर्चेंट बैंकर उस पद को भरने के लिए तब तक किसी व्यक्ति को अस्थायी रूप से नियुक्त नहीं करेगा, जब तक कि उस पद पर नियुक्ति नियमित रूप से की जाने वाली नियुक्ति के मामले में लागू शर्तों के अनुसार न कर ली जाए और जब तक अस्थायी रूप से नियुक्त किए गए ऐसे व्यक्ति को भी वही दायित्व न सौंप दिए जाएँ जो नियमित रूप से नियुक्त किए जाने वाले व्यक्ति को सौंपे जाते हैं।”

XVIII. विनियम 31 में,

- i. उप-विनियम (1) में, शब्दों तथा चिह्नों "निदेशक (डायरेक्टर)," के बाद और शब्द "भागीदार" से पहले दिए हुए शब्द तथा चिह्न "प्रोप्राइटर," हट जाएँगे;
- ii. उप-विनियम (3) में, शब्द "भागीदार" के बाद और शब्दों "और कर्मचारी" से पहले दिए हुए चिह्न तथा शब्द ", स्वत्वधारी" हट जाएँगे;
- iii. उप-विनियम (4) में, शब्द तथा चिह्न "निदेशक," के बाद और शब्द "भागीदार" से पहले दिए हुए शब्द तथा चिह्न "स्वत्वधारी," हट जाएँगे ।

XIX. अध्याय-VI के बाद, निम्नलिखित अध्याय जोड़ा जाएगा, अर्थात्,-

## "अध्याय-VII

## कठिनाइयों को दूर करने की शक्ति

**45.** इन विनियमों के प्रावधानों के लागू होने को लेकर या उनके आशय को लेकर यदि किसी तरह की कोई कठिनाई आए, तो उसे दूर करने के लिए बोर्ड परिपत्रों (सर्कुलर) के जरिए स्पष्टीकरण या दिशानिर्देश जारी कर सकेगा ।"

XX. अनुसूची-I में, प्ररूप (फॉर्म) में,-

- i. प्ररूप-क (फॉर्म-क) में,
  - क. शब्द तथा रोमन अंक "प्रवर्ग I" के स्थान पर शब्द, चिह्न तथा रोमन अंक "श्रेणी-I (प्रवर्ग-I) / श्रेणी-II (प्रवर्ग-II)" आ जाएँगे;
  - ख. पैरा-2.3 में,-
    - i. शब्दों तथा चिह्नों "आवेदक की प्रास्थिति :-" के स्थान पर शब्द तथा चिह्न "आवेदक की स्थिति : " आ जाएँगे;
    - ii. चिह्नों तथा शब्दों "(अर्थात् लिमिटेड कंपनी – प्राइवेट / पब्लिक असीमित कंपनी" के स्थान पर चिह्न तथा शब्द "[अर्थात् आवेदक कंपनी (बॉडी कारपोरेट) है, लिमिटेड कंपनी (प्राइवेट / पब्लिक) है, अनलिमिटेड कंपनी है," आ जाएँगे;
    - iii. शब्दों तथा चिह्नों "भागीदारी, स्वत्वधारी, अन्य सूचीबद्ध हो, स्टाक एक्सचेंजों के नाम और नवीनतम शेयर कीमत दी जाएगी)" के स्थान पर शब्द तथा चिह्न "लिमिटेड लाइबिलिटी पार्टनरशिप (सीमित दायित्व भागीदारी) है, या कुछ और है। यदि सूचीबद्ध (लिस्टिड) हो, तो यह जानकारी दी जाए कि वह किन-किन स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध है और साथ ही शेयर के अंतिम कीमत का भी उल्लेख किया जाए]" आ जाएँगे;

ग. पैरा-2.4 में, चिह्न तथा शब्दों "/स्वत्वधारियों की विशिष्टियाँ" के स्थान पर चिह्न तथा शब्द "(पार्टनर) के ब्यौरे" आ जाएँगे;

घ. पैरा-5 में, उप-पैरा - 5.1 के स्थान पर निम्नलिखित उप-पैरा आ जाएगा:

" (₹ लाख में)

| 5.1 | *कैपिटल स्ट्रक्चर (पूँजी संरचना)* | *पिछले वर्ष या चालू वर्ष से पहले वाले वर्ष में* | *पिछले वर्ष में* | *चालू वर्ष में* |
|---|---|---|---|---|
| | क) पेड-अप कैपिटल (समादत्त पूँजी) | | | |
| | ख) फ्री रिज़र्व (खुली अरक्षितियाँ) [री-वैल्यूएशन रिज़र्व (पुनर्मूल्यांकन आरक्षितियों) को छोड़कर] | | | |
| | ग) सिक्यूरिटीज़ प्रीमियम अकाउंट | | | |
| | कुल (क) + (ख) + (ग) | | | |

**टिप्पणी:** लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप (सीमित दायित्व भागीदारी) फर्म के मामले में यह उल्लेख करें कि भागीदारों (पार्टनर्स) द्वारा किए गए कुल अंशदान (कंट्रीब्यूशन) [जो तय हो] की रकम और रिज़र्वस् (आरक्षितियों) की रकम तथा सरप्लस (अधिशेष) की रकम का योग कितना है।"

ङ. पैरा-6 के बाद दी हुई 'घोषणा' में,-

i. शब्दों तथा चिह्नों "यह घोषणा यथास्थिति, दो निदेशकों, दो भागीदारों या एक मात्र स्वत्वधारी द्वारा हस्ताक्षरित की जानी चाहिए" के स्थान पर शब्द तथा चिह्न "इस घोषणा पर, यथास्थिति, दो निदेशकों या दो भागीदारों के हस्ताक्षर होने चाहिए" आ जाएँगे;

ii. शब्दों तथा चिह्न "निदेशक/भागीदार" के बाद दिए हुए शब्द तथा चिह्न "या एकमात्र स्वत्वधारी निदेशक/भागीदार" हट जाएँगे;

ii. प्ररूप-ख (फॉर्म-ख) में, खंड-I के स्थान पर निम्नलिखित खंड आ जाएगा, अर्थात्,-

"I. बोर्ड, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 [सेबी अधिनियम] के तहत बनाए गए विनियमों के साथ पठित, सेबी अधिनियम की धारा 12 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदान की गई

शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतदद्वारा ____________________ को श्रेणी-I (प्रवर्ग-I) / श्रेणी-II (प्रवर्ग-II) मर्चेंट बैंकर के रूप में रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र प्रदान करता है, बशर्ते कि वह विनियमों में दी हुई उन शर्तों का पालन करे जो भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) विनियम, 1992 के तहत उसकी श्रेणी हेतु अनुमत कार्य आदि करने के संबंध में दी हुई हैं ।"

अमित प्रधान, कार्यपालक निदेशक

[विज्ञापन-III/4/असा./520/2025-26]

**पाद टिप्पण :**

1. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) विनियम, 1992, सं. एलई/11112/92 द्वारा, 22 दिसम्बर, 1992 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे ।
2. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) विनियम, 1992 तत्पश्चात् –

   i. 7 सितम्बर, 1995 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) (संशोधन) विनियम, 1995, सं. भाप्रविबो/एलई/1/9/95, द्वारा

   ii. 28 नवम्बर, 1995 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (फीस का संदाय) (संशोधन) विनियम, 1995, सं. का.आ. 939(अ), द्वारा

   iii. 6 जून, 1996 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) (संशोधन) विनियम, 1996, सं. भाप्रविबो/एलई/III/5/96, द्वारा

   iv. 9 दिसम्बर, 1997 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) (संशोधन) विनियम, 1997, सं. का.आ. 837 (अ), द्वारा

   v. 15 दिसम्बर, 1997 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) (संशोधन) विनियम, 1997, सं. का.आ. 869 (अ), द्वारा

   vi. 21 जनवरी, 1998 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) (संशोधन) विनियम, 1998, सं. का.आ. 74 (अ), द्वारा

   vii. 30 सितम्बर, 1999 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) (संशोधन) विनियम, 1999, सं. का.आ. 799 (अ), द्वारा

   viii. 17 नवम्बर, 1999 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) (दूसरा संशोधन) विनियम, 1999, सं. का.आ. 1119 (अ), द्वारा

   ix. 28 मार्च, 2000 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण को अपील) (संशोधन) विनियम, 2000, सं. का.आ. 278 (अ), द्वारा

   x. 29 मई, 2001 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मध्यवर्तियों द्वारा विनिधान सलाह) (संशोधन) विनियम, 2001, सं. का.आ. 476(अ), द्वारा

   xi. 27 सितम्बर, 2002 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (जांच अधिकारी द्वारा जांच करने और शास्ति अधिरोपित करने के लिए प्रक्रिया) विनियम, 2002, सं. का.आ. 1045(अ), द्वारा

xii. 1 अक्तूबर, 2003 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) (संशोधन) विनियम, 2003, सं. का.आ. 1154(अ), द्वारा

xiii. 10 मार्च, 2004 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (उपयुक्त तथा उचित व्यक्ति के लिए मानदंड) विनियम, 2004, का.आ. सं. 398(अ), द्वारा

xiv. 18 अप्रैल, 2006 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) (संशोधन) विनियम, 2006, सं. का.आ. 560(अ), द्वारा

xv. 3 मई, 2006 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) (दूसरा संशोधन) विनियम, 2006, सं. का.आ. 640(अ), द्वारा

xvi. 7 सितम्बर, 2006 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) (तीसरा संशोधन) विनियम, 2006, सं. का.आ. 1448(अ), द्वारा

xvii. 28 मई, 2007 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) (संशोधन) विनियम, 2007, अधिसूचना सं. 11/एलसी/जीएन/2007/2517, द्वारा

xviii. 31 मार्च, 2008 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (फीस का संदाय) (संशोधन) विनियम, 2008, फा.सं. 11/एलसी/जीएन/2008/21669, द्वारा

xix. 26 मई, 2008 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मध्यवर्ती) विनियम, 2008, अधिसूचना सं. एलएडी-एनआरओ/जीएन/2008/11/126538, द्वारा

xx. 26 अगस्त, 2009 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (पूँजी का निर्गमन और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2009, अधिसूचना सं. एलएडी/एनआरओ/जीएन/2009-10/15/174471, द्वारा

xxi. 13 अप्रैल, 2010 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) (संशोधन) विनियम, 2010, अधिसूचना सं. एलएडी-एनआरओ/जीएन/2010-11/04/1109, द्वारा

xxii. 19 अप्रैल, 2011 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (कुछ मध्यवर्तियों [इंटरमीडियरीज़] के रजिस्ट्रीकरण की शर्तों में परिवर्तन) (संशोधन) विनियम, 2011, अधिसूचना सं. एलएडी/एनआरओ/जीएन/2011-12/03/12650, द्वारा

xxiii. 5 जुलाई, 2011 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) (संशोधन) विनियम, 2011, अधिसूचना सं. एलएडी-एनआरओ/जीएन/2011-12/09/21233, द्वारा

xxiv. 16 अगस्त, 2011 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) (दूसरा संशोधन) विनियम, 2011, अधिसूचना सं. एल.ए.डी.एन.आर.ओ./जी.एन./2011-12/17/26149, द्वारा

xxv. 29 मार्च, 2012 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) (संशोधन) विनियम, 2012, अधिसूचना सं. एलएडी-एनआरओ/जीएन/2011-12/40/7335, द्वारा

xxvi. 23 मई, 2014 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (फीस का संदाय) (संशोधन) विनियम, 2014, अधिसूचना सं. एल.ए.डी.-एन.आर.ओ./जी.एन./2014-15/03/1089, द्वारा

xxvii. 8 दिसम्बर, 2016 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड [कुछ मध्यवर्तियों (इंटरमीडियरीज़) के रजिस्ट्रीकरण की शर्तों में परिवर्तन] (संशोधन) विनियम 2016, अधिसूचना सं. सेबी/एल.ए.डी.-एन.आर.ओ./जी.एन./2016-17/023, द्वारा

xxviii. 29 मार्च, 2017 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (फीस का भुगतान और भुगतान का माध्यम) (संशोधन) विनियम, 2017, अधिसूचना सं. सेबी/एल.ए.डी.-एन.आर.ओ./जी.एन./2016-17/038, द्वारा

xxix. 17 अप्रैल, 2020 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (रेग्यूलेटरी सैंडबॉक्स) (संशोधन) विनियम 2020, अधिसूचना सं. सेबी/एल.ए.डी.-एनआरओ/जीएन/2020/10, द्वारा

xxx. 30 मार्च, 2021 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) (संशोधन) विनियम 2021, अधिसूचना सं. सेबी/एलएडी-एनआरओ/जीएन/2021/13, द्वारा

xxxi. 5 मई, 2021 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (फीस का भुगतान और भुगतान का माध्यम) (संशोधन) विनियम 2021, अधिसूचना सं. सेबी/एलएडी-एनआरओ/जीएन/2021/23, द्वारा

xxxii. 3 अगस्त, 2021 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (रेग्यूलेटरी सैंडबॉक्स) (संशोधन) विनियम 2021, अधिसूचना सं. सेबी/एलएडी-एनआरओ/जीएन/2021/30, द्वारा

xxxiii. 17 जनवरी, 2023 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड [मध्यवर्तियों (इंटरमीडियरीज़) के नियंत्रण में परिवर्तन] (संशोधन) विनियम 2023, अधिसूचना सं. सेबी/एलएडी-एनआरओ/जीएन/2023/115, द्वारा

xxxiv. 3 जुलाई, 2023 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (विवाद सुलझाने की वैकल्पिक व्यवस्था) (संशोधन) विनियम 2023, अधिसूचना सं. सेबी/एलएडी-एनआरओ/जीएन/2023/137, द्वारा

